# श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स

## छात्रावास ( बॉयज़ )

# SHRI RAM COLLEGE OF COMMERCE

## BOYS' HOSTEL



**विवरण-पुस्तिका: 2026-27**

**PROSPECTUS: 2026-27**

# विषय-वस्तु


| | |
|---|---|
| प्रधानाचार्या का संदेश | 1 |
| वार्डन का संदेश | 2 |
| हॉस्टल के बारे में | 3 |
| हॉस्टल समिति | 4 |
| हॉस्टल कार्यालय | 4 |
| **प्रवेश की प्रक्रिया** | |
| - प्रवेश की समय-सूची | 5 |
| - पात्रता का मानदंड | 6 |
| - नया दाखिला | 6 |
| - पुन: दाखिला | 7 |
| - विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला | 9 |
| - आरक्षण नीति | 9 |
| **सुविधाएं** | |
| - आवास | 9 |
| - मैस और भोजनकक्ष | 10 |
| - खेलकूद एवं मनोरंजन | 11 |
| - चिकित्सा | 11 |
| - बैंकिंग | 12 |
| - छात्रावास विद्यार्थी यूनियन | 12 |
| - छात्रावास की पत्रिका | 12 |
| **छात्रावास के नियम एवं कानून** | |
| - सामान्य अनुशासन | 13 |
| - छात्रावास द्वारा दाखिले का निरस्तीकरण | 18 |
| - मैस के नियम | 19 |
| - अवकाश के नियम | 21 |
| - फीस की संरचना | 22 |
| **जरूरी दस्तावेज़ो की सूची** | |
| - संलग्रक | |
| - आर्डिनेंस (XV-B) | |
| - आर्डिनेंस (XV-C) रैगिंग निषेध | |
| - दाखिले के फॉर्म | |
| - एफिडेविट एनसीआर - संपत्ति | |


# CONTENTS


| | |
|---|---|
| Principal's Message | 1 |
| Warden's Message | 2 |
| About the Hostel | 3 |
| Hostel Committee | 4 |
| Hostel Office | 4 |
| **Admission Procedure** | |
| - Admission Schedule | 5 |
| - Eligibility Criteria | 6 |
| - New Admission | 6 |
| - Re-Admission | 7 |
| - Admission to Foreign Students | 9 |
| - Reservation Policy | 9 |
| **Facilities** | |
| - Accommodation | 9 |
| - Mess and Dining Hall | 10 |
| - Games and Entertainment | 11 |
| - Medical | 11 |
| - Banking | 11 |
| - Hostel Student's Union | 12 |
| - Hostel Magazine | 12 |
| **Hostel Rules and Regulations** | |
| - General Discipline | 13 |
| - Cancellation of Admission by the Hostel | 18 |
| - Mess Rules | 19 |
| - Leave Rules | 21 |
| - Fees Structure | 22 |
| **Check List** | **24** |
| **Annexure** | |
| - Ordinance (XV-B) | 25 |
| - Ordinance (XV-C) Anti Ragging | 27 |
| - Admission Forms | |
| - Affidavit NCR – Property | |

# Principal's Message



## शताब्दी के द्वार पर आपका स्वागत: इतिहास के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का हिस्सा बनें

प्रिय विद्यार्थियों,

शैक्षणिक सत्र 2026–27 में जब आप श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में प्रवेश कर रहे हैं, तब आप केवल देश के एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान का हिस्सा नहीं बन रहे हैं, बल्कि इतिहास के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के साक्षी भी बन रहे हैं। यह वर्ष एसआरसीसी की शताब्दी (100 वर्ष) का वर्ष है—आत्ममंथन, गौरव और नवसंकल्प का एक ऐतिहासिक अवसर है। इस यात्रा का हिस्सा बनना उस विरासत को अपनाना है, जिसे पिछले सौ वर्षों में असंख्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने अपने परिश्रम, उत्कृष्टता और मूल्यों से निर्मित किया है। अब इस गौरवशाली परंपरा के अगले अध्याय को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आपकी है।

एसआरसीसी बॉयज़ हॉस्टल सदैव इस गौरवशाली विरासत का अभिन्न अंग रहा है। यह केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि एक जीवंत समुदाय है, जिसने अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, दूरदर्शी नेताओं और परिवर्तन के वाहकों को अपने सान्निध्य में विकसित होते देखा है। यहाँ विभिन्न राज्यों, संस्कृतियों और पृष्ठभूमियों से आए विद्यार्थी ज्ञानार्जन, मित्रता और जीवन के उन मूल्यों—ईमानदारी, संवेदनशीलता, अनुशासन तथा जिज्ञासा—को आत्मसात करने के लिए एक साथ रहते हैं, जो एक सार्थक जीवन की आधारशिला हैं।

यह छात्रावास केवल भौतिक सुविधाएँ ही प्रदान नहीं करता, बल्कि ऐसा समग्र वातावरण उपलब्ध कराता है जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को भी प्रोत्साहित करता है। द्वि-आवासीय (ट्विन-शेयरिंग) कमरे सहयोग और सौहार्द की भावना को विकसित करते हैं; पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन आपके स्वास्थ्य और ऊर्जा का ध्यान रखता है; उच्च गति की इंटरनेट सुविधा आपको वैश्विक ज्ञान और अवसरों से जोड़े रखती है; तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन एवं खेल संबंधी सुविधाओं तक सहज पहुँच आपको संतुलित और समृद्ध छात्र जीवन का अनुभव प्रदान करती है।

इस छात्रावास की सबसे बड़ी विशेषता इसकी वह संस्कृति है, जो पारस्परिक सम्मान, उत्तरदायी जीवन-शैली और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करती है। ये केवल नियम या अपेक्षाएँ नहीं हैं, बल्कि ऐसे जीवन-मूल्य हैं जो आपको महाविद्यालय परिसर से आगे के जीवन के लिए भी तैयार करते हैं।

इस विवरणिका में उल्लिखित दिशा-निर्देश किसी प्रकार का प्रतिबंध लगाने के लिए नहीं, बल्कि ऐसा अनुशासित, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने के लिए हैं, जहाँ प्रत्येक छात्र अपनी पूर्ण क्षमता के साथ विकसित हो सके। एसआरसीसी के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए आइए, हम सभी इस छात्रावास की गरिमा बनाए रखने तथा उन आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लें, जिन्होंने स्थापना काल से ही इस संस्थान की पहचान बनाई है।

हमारी हार्दिक शुभकामनाएँ हैं कि एसआरसीसी बॉयज़ हॉस्टल में आपका प्रवास अविस्मरणीय रहे—अर्थपूर्ण मित्रताओं, आत्म-विकास, बौद्धिक उन्नति और ऐसे विचारों से परिपूर्ण, जो एसआरसीसी की गौरवशाली विरासत को उसके अगले शताब्दी काल तक आगे ले जाएँ।

आपका हार्दिक स्वागत है—एक ऐसी यात्रा में, जो सीखने, साथ मिलकर जीने और अपनी अमिट पहचान छोड़ने की यात्रा है।

शुभकामनाओं सहित,

**प्रो. सिमरित कौर**
**प्राचार्या**

## Stepping into a Century: A Home at the Heart of a Historic Moment

Dear Students,

As you step into Shri Ram College of Commerce in the academic session 2026–27, you arrive not just at a college of national repute, but at the threshold of history. This year marks SRCC's Centenary, a moment of profound reflection and renewed purpose. To be part of this journey is to inherit a legacy shaped over a hundred years, and to help script the chapter that follows. SRCC Boys' Hostel has long stood as an integral part of this legacy. It is not merely a place of residence, but a living community—home to generations of scholars, visionaries, and changemakers. Here, young minds from diverse geographies and backgrounds come together in pursuit of knowledge, friendship, and the values that define a meaningful life: integrity, empathy, discipline, and curiosity.

The hostel offers more than physical infrastructure—it offers an ecosystem that nurtures personal growth alongside academic excellence. Twin-sharing rooms foster camaraderie and collaboration; nutritious, hygienic meals sustain body and mind; high-speed connectivity ensures your ideas remain plugged into the wider world; and access to the college's academic, recreational, and athletic facilities enables you to live a full, balanced student life.

Additionally, what makes the Boys' Hostel special is the ethos it fosters—a shared commitment to mutual respect, responsible living, and community engagement. These aren't just expectations; they are practices that prepare you for life well beyond the campus gates.

The guidelines outlined in this prospectus are meant not to restrain, but to elevate—to create an environment where all residents can thrive in harmony. As we move into SRCC's 100th year, let us renew our collective commitment to maintaining the dignity of this space, and to upholding the values that have defined this institution since its inception.

May your time in the Boys' Hostel be memorable, filled with meaningful friendships, self-development and shaping of ideas that will carry forward the legacy of SRCC into its next century.

Welcome to this journey—of learning, of living, and of leaving a mark.

Best Wishes,

**Prof. Simrit Kaur**
**Principal**

# Warden's Message



श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, छात्रावास-बॉयज़ में आपका हार्दिक स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह छात्रावास केवल रहने का स्थान नहीं है, बल्कि एक जीवंत परिवार है, जहाँ विविध पृष्ठभूमियों से आए विद्यार्थी एक साथ रहते हैं, सीखते हैं और निरंतर अपने व्यक्तित्व का विकास करते हैं। छात्रावास का वातावरण शैक्षणिक उत्कृष्टता, व्यक्तित्व विकास, पारस्परिक सम्मान तथा आजीवन मित्रताओं को प्रोत्साहित करता है।

छात्रावास का जीवन विद्यार्थियों को अनुशासन, उत्तरदायित्व, नेतृत्व, सहयोग तथा आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करने के अनेक अवसर प्रदान करता है। सामूहिक जीवन का अनुभव विद्यार्थियों को विविधता का सम्मान करना, नैतिक मूल्यों का पालन करना तथा श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को बनाए रखते हुए छात्रावास समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देना सिखाता है।

हमारा सतत प्रयास है कि प्रत्येक निवासी को एक सुरक्षित, संरक्षित, समावेशी एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जो उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हो। हम सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा करते हैं कि वे छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं का सर्वोत्तम उपयोग करें, विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा अनुशासन, मर्यादा और सौहार्द की उस उत्कृष्ट परंपरा को बनाए रखें, जो छात्रावास की पहचान है।

मैं सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का छात्रावास के परिवार में हार्दिक स्वागत करता हूँ तथा उनके लिए सुखद, प्रेरणादायक और सफल छात्र जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त करता हूँ। मुझे विश्वास है कि यहाँ बिताया गया आपका समय ज्ञान, अनुभव, सुदृढ़ मित्रताओं और उल्लेखनीय उपलब्धियों से परिपूर्ण होगा तथा आपके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव सिद्ध होगा।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

**प्रो. (डॉ.) सूर्य प्रकाश**
**वार्डन**

It gives me immense pleasure to welcome you to the Shri Ram College of Commerce Boys' Hostel. The Hostel is more than just a place of residence; it is a vibrant community where students from diverse backgrounds live, learn, and grow together. It provides an environment that nurtures academic excellence, personal development, mutual respect, and lifelong friendships.

Life in the Hostel offers countless opportunities to develop qualities such as discipline, responsibility, leadership, cooperation, and self-reliance. The shared living experience encourages residents to appreciate diversity, uphold ethical values, and contribute positively to the hostel community while maintaining the rich traditions and culture of SRCC.

Our endeavour is to provide a safe, secure, inclusive, and conducive atmosphere that supports both academic pursuits and holistic personality development. We encourage every resident to make the best use of the facilities provided, actively participate in hostel activities, and uphold the standards of discipline and decorum that define the SRCC Boys' Hostel.

I warmly welcome all new residents to the SRCC Boys' Hostel family and wish you a memorable, enriching, and successful stay. May your journey here be filled with learning, meaningful experiences, lasting friendships, and achievements that prepare you for a bright future.

With my best wishes for your success and well-being.

**Prof. (Dr.) Surya Prakash**
**Warden**

# हॉस्टल के बारे में

श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स का छात्र हॉस्टल कॉलेज के स्थापना वर्ष 1926 से ही अस्तित्व में है। यह हॉस्टल पहले दिल्ली के बेला रोड़ पर स्थित था लेकिन बाद में, 1954 में इस हॉस्टल को दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्र नॉर्थ कैंपस में स्थानांतरित कर दिया गया था। इस कॉलेज की अकादमिक उत्कृष्टता तथा उत्तरदायी सामुदायिक जीवन की समृद्ध विरासत है। कॉलेज के मुख्य भवन के नजदीक स्थित यह 170 विद्यार्थियों की आवासीय क्षमता वाला किफायती और घर जैसा हॉस्टल है। यह हॉस्टल बहुत लंबा तथा चौड़ा है तथा इसकी बिल्डिंग बहुत हवादार है। इसमें अच्छे फर्नीचर से युक्त कमरें, सुव्यवस्थित मैस, कॉमन रूम तथा वाई-फाई की सुविधा है। कॉमन रूम में टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड, चैस बोर्ड, टीवी, होम थियेटर, समाचार-पत्र और पत्रिकाएं उपलब्ध रहती हैं। इस हॉस्टल में हर समय गर्म तथा ठंडा पानी उपलब्ध रहता है।

एसआरसीसी छात्र हॉस्टल के सभी विद्यार्थियों ने सदैव समर्पण, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और दूसरों की देखभाल के प्रति सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। हॉस्टल में विभिन्न संस्कृतियों तथा समुदायों के छात्र होने से यह हॉस्टल अपने आवासीय विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों के साथ सहयोग, समन्वय तथा उनके प्रति सम्मान के गुण प्रदान करता है। कॉलेज परिवार के विस्तारित परिवार के रूप में, एसआरसीसी छात्र हॉस्टल कॉलेज की अकादमिक प्रतिबद्धता और पाठयेत्तर परिवेश को शक्तिशाली बनाता है। विद्यार्थियों को कैंपस में रहने का अवसर प्रदान करते हुए, एसआरसीसी छात्र हॉस्टल में कॉलेज की श्रेष्ठ परंपराओं को संपूर्णता में बनाए रखने की आशा की जाती है।

# ABOUT THE HOSTEL

The Boys' Hostel of Shri Ram College of Commerce came up with the college itself in 1926 and was located on Bela road in walled city of Delhi, Later in 1954, The Hostel shifted to the North Campus with the College in the heart of the University. It has rich legacy of academic excellence and responsible community life.

Located near the College main building, it is an affordable, homely and safe accommodation for about 170 students. The hostel has spacious and airy building with well-furnished rooms and well organized dining hall, common room and Wi-Fi facility. The common room is well equipped with recreational facilities like table-tennis, carom board, chessboard, TV set with home theatre, newspaper and magazines. Running hot and cold water is available round the clock.

The residents of SRCC Boys' hostel have always demonstrated the ethos of dedication, sincerity and care for other. The hostel inculcates the characteristics like co-operation and respect for different cultures in the residents as they come from diverse cultures. As a part of extended family of the college fraternity, SRCC Boys' hostel adds a dimension of vigour and commitment to the academic and extracurricular ambience of the institution. While providing an opportunity of campus living, SRCC Boys' hostel expects residents to shoulder and maintain the best traditions of the College as a whole.



## हॉस्टल समिति

हॉस्टल समिति हॉस्टल नियमों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करती है। समिति में निम्नलिखित शामिल हैं।

| | |
|---|---|
| प्रधानाचार्य | अध्यक्ष |
| वार्डन | संयोजक |
| कोषाध्यक्ष | सदस्य |
| पूर्व वार्डन | सदस्य |
| सलाहकार, कॉलेज छात्र संघ | सदस्य |

हॉस्टल के सुचारू संचालन के लिए हॉस्टल समिति को यथा अपक्षित समय पर नियमों को संशोधित/परिवर्तित/नए नियम बनाने का अधिकार है।

## हॉस्टल समिति (2026-27)

| | |
|---|---|
| प्रो. सिमरित कौर | अध्यक्षा |
| प्रो. सूर्य प्रकाश | वार्डन, बॉयज़ हॉस्टल |
| सुश्री प्रियंका भाटिया | बर्सर |
| सुश्री करुणा | वार्डन, गर्ल्स हॉस्टल |
| प्रो. तरुण मांझी | पूर्व वार्डन, बॉयज़ हॉस्टल |
| डॉ. दीक्षित यादव | सलाहकार, छात्र संघ |
| श्री रोहित | सहायक वार्डन, बॉयज़ हॉस्टल |

## हॉस्टल का कार्यालय

हॉस्टल के दैनिक कार्यकलापों की देखरेख हॉस्टल कार्यालय सहायक द्वारा की जाती है। हॉस्टल कार्यालय सहायक सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

## हॉस्टल के कार्यालय का पता

**एसआरसीसी छात्र हॉस्टल:** एसआरसीसी छात्र हॉस्टल
श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स
दिल्ली विश्वविद्यालय,
नॉर्थ कैंपस, मौरिस नगर
नई दिल्ली-110007

## HOSTEL COMMITTEE

The Hostel committee ensures compliance with the Rules and Regulation of the hostel. The Committee comprises the following:

| | |
|---|---|
| Principal | Chairman |
| Warden | Convener |
| Bursar | Member |
| Ex-Warden | Member |
| Advisor, College students' Union | Member |

Hostel Committee has right to amend/change/make new rules whenever required for the smooth functioning of the hostel.

## HOSTEL COMMITTEE (2026-27)

| | |
|---|---|
| Prof. Simrit Kaur | Chairperson |
| Prof. Surya Prakash | Warden, Boys' Hostel |
| Ms. Priyanka Bhatia | Bursar |
| Ms. Karuna | Warden-Girls Hostel |
| Prof. Tarun Manjhi | Ex-Warden-Boys' Hostel |
| Dr. Dixit Yadav | Advisor, Students' Union |
| Mr. Rohit | Assistant Warden, Boys' Hostel |

## HOSTEL OFFICE

The daily routine activites are supervised by the Hostel Office Assitant, who is available in the Hostel Office from 9.00 a.m. to 5.00 p.m. on all working days. Lunch timings are 1.00 p.m. to 2.00 p.m.

## HOSTEL OFFICE

**SRCC Boys' Hostel:** SRCC Boys' Hostel
Shri Ram College of Commerce
University of Delhi,
North Campus, Maurice Nagar, New Delhi-110007



| | |
|---|---|
| Hostel Office Telephone No. | 011-27667549 |
| College Office Telephone No. | 011-27667905 |
| Principal Office Telephone No. | 011-27666519 |
| College Office Fax No. | 011-27667510 |
| College website | www.srcc.edu |
| Hostel Email | warden.bh@srcc.du.ac.in |

| | |
|---|---|
| हॉस्टल कार्यालय का दूरभाष नंबर | 011-27667549 |
| कॉलेज कार्यालय का दूरभाष नंबर | 011-27667905 |
| प्रधानाचार्य कार्यालय का दूरभाष नंबर | 011-27666519 |
| कॉलेज के कार्यालय का फैक्स नंबर | 011-27667510 |
| कॉलेज की वेबसाइट | www.srcc.edu |
| हॉस्टल का ई-मेल | warden.bh@srcc.du.ac.in |

## ADMISSION PROCEDURE

### Admission Schedule: 2026-27

| Sl. No. | Particulars | Year | Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last date for receiving admission forms | I year | 23.07.2026 before 03.00 PM |
| | | II, III and IV Year | |
| | | G.B.O. and M.Com | |
| 2. | List of Selected candidates (Published on the College website and Notice Board) | I year | 27.07.2026, 05.00 PM |
| | | II, III and IV Year | |
| | | G.B.O. and M.Com | |
| 3. | Discrepancy in the list (if any may report/sent to *warden.bh@srcc.du.ac.in*) | All years | 28.07.2026 till 11:30 AM |
| 4. | Personal Interaction of the Student along with the Parents and Local Guardian with the Admission Committee and Fee Payment | I year | 30.07.2026, 08.30 AM to 02.00 PM |
| | | II year | 31.07.2026, 08.30 AM to 02.00 PM |
| | | III year | 30.08.2026, 08.30 AM to 02.00 PM |
| | | IV year | 04.08.2026, 08.30 AM to 11.00 AM |
| | | G.B.O. and M.Com | |
| 5. | Room Allotment | I and II year | 02.08.2026, 08.30 AM to 12.30 PM |
| | | III, IV Year, G.B.O. and M.Com | 05.08.2026, 08.30 AM to 12.30 PM |



## पात्रता मानदंड

## दाखिला (नया दाखिला)

### 1. मानदंड

- वह विद्यार्थी जिसने कॉलेज में दाखिला प्राप्त कर लिया है छात्रावास के लिए पात्र है और छात्रावास में दाखिला पूर्ण रूप से अर्हक परीक्षा (ओं) में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर होगा।
- आवेदक के माता-पिता में से कोई भी दाखिला के समय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के न तो छात्र हों और न ही नौकरी कर रहे हो। आवास के प्रमाण के तौर पर राशन कार्ड की सत्यापित प्रतिलिपि या कोई अन्य दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करना है (दस्तावेज की मूल प्रति दाखिला के समय प्रस्तुत करनी है।) एक हलफनामा जिसमें लिखा हो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और विनिर्दिष्ट (आगे आने वाले खंडों में) क्षेत्रों में माता-पिता में से किसी के नाम कोई घर नहीं है और साथ ही माता-पिता का वहां निवास नहीं है। तथापि छात्रावास समिति को प्रत्यय पत्रों की जांच का अधिकार प्राप्त है और वह इस संबंध में अतिरिक्त सूचना मांग सकती है। (हलफनामें के प्रारूप के लिए संलग्नक III-3 का संदर्भ लें)
- अभिभावक और विद्यार्थियों दोनों को संलग्नक III-1 एवं 2 में दिए गए प्रारूप में एंटी रैगिंग के लिए दाखिला प्रपत्र के साथ दो हलफनामे जमा करने होंगे।
- छात्रावास में दाखिले पर अधिकार के मामले के रूप में दावा नहीं किया जा सकता।
- स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए सीटों की संख्या कुल मिलाकर चार से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- II, III और IV वर्ष के पाठ्यक्रम के आवेदकों को प्रपत्र A1 भरना है।

### 2. अपात्रता मानदंड

- विद्यार्थी जिनके माता-पिता का आवास राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, फरीदाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गुडगाँव, गाजियाबाद, सोनीपत, बहादुरगढ़ और बागपत में है छात्रावास में दाखिला के पात्र नहीं है।
- ऐसे आवेदक जिनके माता-पिता राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कार्यरत हैं, छात्रावास में दाखिले के पात्र नहीं है।

## दाखिले की प्रक्रिया

इस विवरणिका के अंत में संलग्न आवेदन प्रपत्र क, ख तथा ग पूर्ण रूप से विधिवत भरे जाने हैं। किसी भी विषय में अपूर्ण प्रपत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे। कॉलेज में दाखिला/नामांकन के बाद ही आवेदनों पर विचार किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्रपत्र अपेक्षित दस्तावेजों के साथ छात्रावास कार्यालय में नियत तिथि तक या उससे पहले जमा किए जाने चाहिए।

## ELIGIBLITY CRITERIA

## Admission (New Admission)

### 1. Criteria

- Student who has secured admission to the College is eligible for Hostel will be based purely on the merit of marks obtained in the qualifying examination(s).
- Either of the parents of applicant must not be residing or having a job assignment in the National Capital Territory of Delhi region at the time of admission. Proof of residence in the form of attested photocopy of Ration Card or some such other document is to be submitted along with application. (Original copy of the document is to be produced at the time Admission). An affidavit has to be submitted with the application form stating that there is no house in the name either of parents as well as parents are not residing in National Capital Territory of Delhi and the specified (in coming sections) regions. However, Hostel Committee is empowered to verify the credentials and may seek additional information in this regard. (Refer to Annexure III for the format of the affidavit)
- Together with admission form two affidavits for anti-raging to be submitted by the parent and the student both in the format given in annexure III-1&2.
- Admission to the Hostel cannot be claimed as a matter of right.
- For Post-Graduate students, the number of seats shall not exceed four in all.
- Applicant from II, III and IV year of the course is required to fill form A1.

### 2. Non-Eligibility Criteria

- Student whose parents reside in the National Capital Territory (NCT) of Delhi, Faridabad, Gautam Budha Nagar, Gurgaon, Gaziabad, Sonipat, Bahadurgarh and Bagpat are not eligible for admission to the hostel.
- The applicants whose parents have job assignment in the NCT of Delhi are also not eligible for admission to the hostel.

## PROCEDURE FOR ADMISSION

Application Form A, B and C appended at the end of this prospectus are to be duly filled in all respects. Incomplete forms in any respect will be rejected. Application will be considered only after admission/enrolment in the College. The completed application forms along with the required enclosures should be submitted to the Hostel Office on or before the due date.

**छात्रावास में दाखिले की प्रक्रिया निम्नलिखित होगी:**

- आवेदन को पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन प्रपत्र अपेक्षित दस्तावेजों (कृपया जांच-सूची देखें) के साथ नियत तिथि तक जमा किए जाने चाहिए।
- छात्रावास शुल्क जमा करने की तिथियों का उल्लेख करते हुए चयनित आवेदकों की अनुमोदित सूची के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची के आवेदकों की सूची नोटिस बोर्ड और कॉलेज की वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।
- चयनित आवेदकों को शुल्क पर्ची प्राप्त करने के लिए सभी मूल दस्तावेज (कॉलेज में दाखिला के समय जमा किए गए दस्तावेजों को छोड़कर) छात्रावास कार्यालय में प्रस्तुत करने हैं। उसके साथ माता-पिता में से कोई भी एक और/या स्थानीय अभिभावक होना चाहिए (यदि माता-पिता में से कोई भी आवेदक के साथ आने में असमर्थ है तो उन्हें दाखिला के वर्ष में 31 अक्तूबर तक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अनिवार्य रूप से छात्रावास में आना होगा)
- निर्धारित समयसीमा में फीस जमा करनी होगी।

**एक व्यक्ति एक से अधिक विद्यार्थी का स्थानीय अभिभावक नहीं बन सकता। स्थानीय अभिभावक एक जिम्मेदार व्यक्ति होना चाहिए।**

**नोट:** टाई होने की स्थिति में छात्रावास में दाखिले के लिए टाई ब्रेकर का आधार दिए गए निम्नलिखित क्रम में होगा:

- दूरी
- 12वीं कक्षा के कुल अंक
- अंग्रेज़ी / हिंदी में अंक
- जन्म तिथि

## पुनः दाखिला

### मानदंड

1. पूर्ववर्ती वर्ष के छात्रावास के छात्र अधिकार के मामले के रूप में पुनः दाखिले का दावा नहीं कर सकते। सभी आवेदकों पर नए सिरे से विचार किया जाएगा और एक विद्यार्थी को नए दाखिले के लिए लागू सभी औपचारिकताओं से गुजरना होगा।

   (क) पुन: दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी ने पूर्ववर्ती परीक्षा(ओं) में 55% अंक (आरक्षित श्रेणियों के मामले में 50%) प्राप्त किए हों।

   (ख) बी कॉम (ऑनर्स), बी.ए. (अर्थशास्त्र) ऑनर्स के द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों और एम.कॉम एवं जीबीओ के दवितीय वर्ष के छात्रों के लिए विभिन्न श्रेणियों यानि, अ.जा., अ.ज.जा., खेलकूद, सामान्य श्रेणी एवं अन्य के लिए छात्रावास में पुन: दाखिले के लिए एक नई मेरिट सूची बनाई जाएगी।

**The procedure for admission to the Hostel will be as follows:**

- The applicant has to submit fully filled application form together with the required documents (please refer to the check list) by the due date.
- The hostel will publish the approved list of selected applicants along with the applicants in the waiting list on the notice board and on the college website mentioning the dates by which fee can be deposited.
- The selected applicants have to produce all the original documents (except those which have been submitted in the college at the time of admission) to the hostel office for obtaining fees slip. He must accompany with either of the parents and/or the local guardian (in case wither of the parents are unable to accompany the applicant, they must visit the hostel latest by 31 October of the year of admission to complete the formalities).
- Deposit the fee within the stipulated time period.

**One person cannot act as local guardian for more than one student. The local guardian should be a responsible.**

**Note:** In case of tie, the following will be the basis of tie breaker for admission to hostel in the given order:

- Distance
- Overall Marks of 12th Class
- Marks in English/Hindi
- Date of Birth

## Re-Admission

### Criteria

1. Residents in the preceding year cannot claim re-admission as a matter of right. All applications are considered afresh and a student has to go through all the formalities applicable to a new admission.

   (a) Student seeking re-admission must have secured 55% marks (50% in case of reserved categories) in the immediately preceding examination(s).

   (b) A fresh merit list for re-admission to the hostel shall be prepared for the students of 2nd, 3rd & IV Year of B.Com (H), B.A. (Eco) Hons. and 2nd Year in case of M.Com & GBO, for different categories i.e., SC, ST, Sports, General Category & others.

(ग) टाई होने की स्थिति में छात्रवास में दाखिले के लिए टाई ब्रेकर का आधार दिए गए निम्नलिखित क्रम में होगा:

- पिछले वर्ष में उपस्थिति (दोनों सेमेस्टर)
- दूरी
- पिछले वर्ष के अंक (विचाराधीन वर्तमान सेमेस्टर को छोड़कर)
- जन्म तिथि

**2.** तथापि नियम के अनुसार पुनःदाखिले को अस्वीकार किया जाएगा यदि:

(क) विद्यार्थी फेल हो गया है, उसे पिछली परीक्षाओं में अनिवार्य पुनरावृत्ति मिली है, परीक्षाएं नहीं दी या उसे आवश्यक उपस्थिति कम होने के कारण विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं देने की अनुमति नहीं दी गई।

(ख) विद्यार्थी ने छात्रावास के नियमों का उल्लंघन किया है या वह छात्रावास का अनुशासन तोड़ने का दोषी है या उसने दुराचार यानि बर्बरता का कार्य, जानबूझकर मज़ाक, अपराध या छात्रावास के शुल्क और या वार्डन/प्रधानाचार्य/अनुशासन समिति द्वारा लगाए गए जुर्माने की गैर अदायगी का कार्य किया है।

**3.** ऐसे आवेदक जो द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में दाखिला लेने के इच्छुक हैं और जो पिछले शैक्षणिक सत्र में कक्षाओं में 75% उपस्थिति दर्ज करने में असफल हुए हैं, को छात्रावास में पुनः दाखिला दाखिला लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**4.** खेलकूद वाले मामलों में पुनः दाखिले पर विचार करते समय खेलकूद में प्रदर्शन मेरिट का मुख्य मानदंड होगा। (शर्त सं. 2 एवं 3 भी खेलकूद मामलों में लागू हैं)

## पुनः दाखिले की प्रक्रिया

पुन: दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों को आवेदन प्रपत्र A1, B और C भरना है। आवेदन प्रपत्र पूर्ण रूप से भरे होने चाहिए और नियत तिथि तक या उससे पहले छात्रावास कार्यालय में जमा किए जाने चाहिए। अपूर्ण प्रपत्रों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। आवेदक को आवेदन प्रपत्र के साथ कमरा खाली करने की पर्ची अवश्य लगानी होगी।

छात्रावास में पुन: दाखिला के लिए प्रक्रिया और पात्रता मानदंड नए दाखिला की प्रक्रिया के जैसे ही रहेंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा परिणामों की घोषणा के तीन कार्यदिवसों के भीतर छात्रावास कार्यालय से संपर्क करें।

(c) In case of tie, the following criteria will be the basis of tie breaker for re-admission to hostel in the given order:

- Attendance in preceding year (both semester)
- Distance
- Marks in Preceding year (Excluding current semester under consideration)
- Date of Birth

**2.** However, re-admission will be denied as a matter of rule if:

(a) The student has failed, got 'Essential Repeat' in the previous examinations, dropped out or has been disallowed from appearing in the annual examinations of the University because of lack of required attendance.

(b) The student has violated Hostel Rules or has been guilty of breach of Hostel discipline or committed an act of misconduct i.e., acts of vandalism, deliberate mischief, misdemeanor or non-payment of hostel dues and/or any fine imposed by Warden/Principal/Discipline Committee.

**3.** The applicants who seek admission in 2nd, 3rd and IV year and who fail to have the 75% attendance in classes in the previous academic session will not be allowed to get re-admission/ admission in the Hostel. However, the Hostel Committee may waive this rule on selected cases. However, this rule will not be applicable for first time applicants.

**4.** For sports cases, performance in sports will be the main merit criteria while considering re-admission. (clause 2 & 3 are also applicable in sports cases)

## PROCEDURE FOR RE-ADMISSION

Students seeking re-admission has to fill in the Application Forms A1, B and C. The Application Forms should be complete in all respects and should be submitted in the Hostel Office on or before the due date. Incomplete forms will be summarily rejected. The applicant must attach the Room vacation slip with the Application Form.

The procedure & eligibility criteria for re-admission to the Hostel will remain similar to the procedure for new admission. Contact the Hostel Office within Three working days of the declaration of University examination results.

## विदेशी छात्रों को दाखिला

कॉलेज में विदेशी विद्यार्थियों के लिए आरक्षित सीटों के पूरी तरह भर जाने के बाद ही विदेशी विद्यार्थी श्रेणी में दाखिला पाए छात्रों को छात्रावास में दाखिला मिलेगा। पिछले खंडों में उल्लिखित दाखिले की प्रक्रिया विदेशी छात्रों के दाखिले के लिए भी वही रहेगी।

## आरक्षण नीति

छात्रावास में आवास का आबंटन विश्वविद्यालय की आरक्षण नीति के अनुसार किया जाएगा। अ.पि.व. आवेदकों को छात्रावास दाखिला के उद्देश्य के लिए अनारक्षित आवेदक के तौर पर समझा जाएगा।

## सुविधाएं

### आवास

1. पाठ्यक्रमों और सेमेस्टरों को मिलाकर कुल 170 सीटें उपलब्ध हैं।
2. सीटों को विभिन्न पाठ्यक्रमों और सेमेस्टरों के बीच समुचित तरीके से बांटा गया है।
3. आवास आबंटन में विभिन्न आरक्षित श्रेणियों को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा यथा अनुमोदित आरक्षण का अनुपालन किया जाता है। तथापि विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार छात्रावास विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार छात्रावास आवास के उद्देश्य के लिए अ.पि.व. उम्मीदवारों को अनारक्षित उम्मीदवार के तौर पर सीट दी जाती है।

### कमरे

छात्रावास में कुल 84 कमरे हैं। कमरों को दो विद्यार्थियों के बीच साझेदारी के आधार पर आबंटित किया जाता है। कमरे के प्रत्येक छात्रावास के छात्र साझेदार को अलग से एक सुसज्जित बेड, अध्ययन कुर्सी एवं मेज प्रदान की गई है। इसके अलावा प्रत्येक कमरे में अलमारी, छत-पंखा, लाईट फिटिंग, पर्दे इत्यादि प्रदान किए गए हैं। छात्रावास के भीतर ही कमरों से हाऊस कीपिंग कर्मचारियों द्वारा दैनिक आधार पर सफाई की जाती है।

## ADMISSION TO FOREIGN STUDENTS

The students admitted in foreign students category will be admitted to hostel only after the seats reserved for foreign students are completely filled in the college.

The admission process will remain same as mentioned in the previous sections.

## RESERVATION POLICY

The accommodation in the hostel will be allocated following the reservation policy of the university. The OBC applicants will be treated as general candidates for the purpose of hostel admission.

## FACILITES

### ACCOMODATION

1. There are 170 seats available across the courses & semesters.
2. Seats are distributed appropriately among different courses & semesters.
3. Reservation in accommodation to various reserved categories as approved by the University of Delhi is followed. However, the OBC candidates are seated as general candidate for the purpose of hostel accommodation as per the norms of the university.

### ROOMS

The hostel has total number of 84 rooms. The rooms are allotted on sharing basis among two students. A separate furnished bed, study table & chair is provided to each resident partner of a room. In addition, cupboard, ceiling fan, light fittings, curtains, etc. are provided in each room. Cleaning is done on the daily basis by the house keeping staff from the rooms within the hostel.

## मैस

छात्रावास में अलग से एक मैस है जहां एक बार में छात्रावास के लगभग 70 छात्र भोजन ग्रहण कर सकते हैं। मैस पूर्णतया वातानुकूलित है। इसका प्रबंधन वार्डन के पर्यवेक्षण में छात्रावास के छात्रों द्वारा किया जाता है और इसे लागत आधार पर परिचालित किया जाता है। छात्रावास के छात्रों को पौष्टिक आहार परोसा जाता है। व्यंजन-सूची का निर्णय छात्रावास की छात्र परिषद द्वारा किया जाता है। मैस का परिचालन नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का भोजन पर दिन में तीन बार किया जाता है। भोजन का समय निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| नाश्ता | सुबह 8 बजे से सुबह 9 बजे तक |
| दोपहर का भोजन | अपराह्न 1:00 से अपराहन 2:00 तक |
| चाय | सायं 5:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक |
| रात का भोजन | सायं 8:00 बजे से सायं 9:00 बजे तक |

मैस का समय स्थिति पर निर्भर करते हुए बदला जा सकता है।

शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन एक ही रसोईघर में तैयार किया जाता है तथा एक ही भोजन कक्ष (डाइनिंग हॉल) में परोसा जाता है।



## कॉमन रूम

छात्रावास के छात्रों को मनोरंजन के लिए छात्रावास में एक पूर्णतया वातानुकूलित मनोरंजन कक्ष है। छात्र वहाँ बैठ सकते हैं। मनोरंजन कक्ष में समाचार पत्र और पत्रिकाएं प्रदान की गई हैं। छात्रावास के छात्रों के मनोरंजन के लिए होम थियेटर युक्त एक बड़ा टेलीविजन भी दीवार पर लगाया गया है।

## पार्क

छात्रावास परिसर के भीतर ही एक छोटा सा पार्क है जहाँ विद्यार्थी स्फूर्तिदायक समय का लाभ, अध्ययन और व्यायाम कर सकते हैं।



## MESS

The hostel has a separate mess where at a time about 70 residents can take their meals. The mess is fully air-conditioned. It is managed by the residents under the supervision of the Warden and operated on cost basis. Wholesome meals are served to the residents in themes. The menu is decided by the residents' council. The mess is operated thrice a day- at breakfast, lunch and dinner. Meal timings are as follows:

| | |
|---|---|
| Breakfast | 8:00 a.m. to 9:00 a.m. |
| Lunch | 1:00 p.m. to 2:00 p.m. |
| Tea | 5:00 p.m. to 5:30 p.m. |
| Dinner | 8:00 p.m. to 9:00 p.m. |

The mess timing may change depending upon the situation.

Vegetarian and non-vegetarian meals are cooked in the same kitchen and are served in the same dining hall.

## COMMON ROOM

For the recreation of residents the hostel has a fully air-conditioned common room. Residents can sit and enjoy leisure time there. Newspapers and magazines are provided in common room. Carom Board, Chess and Table Tennis facilities are also provided to the residents in the common room. A big wall mounted Television with home theater effect is also in place for the entertainment of the residents.

## PARK

There is a small park within the hostel compound where students can enjoy refreshing time, study and exercise. The park in the hostel compound adds vibrancy to the Hostel.

## वाई-फाई

छात्रावास के छात्रों को वाई-फाई की प्रदान की गई है जिसका उपयोग वह अपने लैपटॉप पर कॉलेज के कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा जारी यूज़र आईडी और पासवर्ड की सहायता से कर सकते हैं। वाई-फाई सुविधा से चौबीस घंटे नेट कनेक्टिविटी उपलब्ध रहती है।

## कपड़े धोने की सुविधाएं

छात्रावास के छात्रों के लिए कालेज में कैम्पस के भीतर ही बाहरी स्रोतों से कपड़े धोने की उपलब्ध हैं। छात्रावास के छात्र इच्छानुसार कैम्पस के भीतर ही लाँड्री सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## खेलकूद और मनोरंजन

छात्रावास के सामने एक खेल का मैदान है जहाँ छात्रावास के छात्रों के लिए क्रिकेट, फुटबाल और अन्य खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा कालेज में एक स्वीमिंग पूल, इंडोर बैडमिन्टन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, व्यायामशाला आदि हैं । 'क्रॉसरोडस' फेस्ट और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में छात्रावास के छात्र सक्रिय भूमिका निभाते हैं। छात्रावास में एक मनोरंजन कक्ष है जो कि टेलीविजन सेट, होम थियेटर और टेबल टेनिस, कार्टून और शतरंज के लिए खेल कूद उपकरणों के प्रावधान से सुसज्जित है।



## चिकित्सा

जब भी आवश्यकता हो, छात्रावास के छात्र विश्वविद्यालय में पास में ही स्थित डब्ल्यू.यू.एस. स्वास्थ्य केन्द्र का लाभ उठा सकते हैं। सभी छात्रो के लिए छात्रावास कार्यालय में उपलब्ध डब्ल्यू.यू.एस. स्वास्थ्य केन्द्र प्रपत्र को भरना और डब्ल्यू.यू.एस. स्वास्थ्य केन्द्र के कार्यालय में सीधे ही सदस्यता शुल्क अदा करना आवश्यक है। स्वास्थ्य केन्द्र में विद्यार्थी परामर्श केन्द्र भी है।

खेलकूद परिसर में छात्रावास के निकट ही कॉलेज की ही अपनी एक चिकित्सा इकाई है जहाँ छात्रावास के छात्रों को मूल भूत चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है।

## WI-FI

Hostel residents are provided with the Wi-Fi facility which can be used by them on their laptops with the help of user id and password issued by the computer center of the college. Wi-Fi facility allows round-o-clock net connectivity.

## LAUNDRY SERVICES

The college has in-campus outsourced laundry services for the residents. The residents at their choice can avail the in-campus laundry services.

## GAMES AND ENTERTAINEMENT

There is a playground in front of hostel, where cricket, football and other sports events for the residents are held. Additionally, the college has a swimming pool, indoor badminton court, basketball court, gymnasium etc. Residents play an active role in organization of a festival-crossroads and the Annual Sports Fest. The hostel has a common room equipped with television set, home theater and sports equipment's provisioning for table tennis, cartoon and chess.

## MEDICAL

Whenever required residents may use the W.U.S. Health Center located nearby in the University Campus. All residents are required to fill up the W.U.S. Health Center form available in the hostel office and pay a membership fee directly in the office of the W.U.S. Health center.

The college has its own medical unit also close to the hostel, in the sports complex, where basic medical support is provided to the residents.

In case of medical emergency, a student is taken to the nearest hospital and the local guardian is duly informed. The local guardian is required to take charge and entire responsibility of treatment and expense will be borne by the parents/local guardian.

## BANKING

The State Bank of India, SRCC Branch, is located in the college Campus where resident students are advised to open their accounts. Residents are also

आपात चिकित्सा की स्थिति में विद्यार्थी को निकटतम अस्पताल ले जाया जाता है और स्थानीय अभिभावक को सूचित किया जाता है। स्थानीय अभिभावक को उसके प्रभार और उपचार की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी और खर्चा माता पिता / स्थानीय अभिभावक को वहन करना होगा।

## बैंकिंग

भारतीय स्टेट बैंक, एसआरसीसी शाखा कालेज कैम्पस में स्थित है। इस शाखा में छात्रावास के छात्र विद्यार्थियों को अपना खाता खोलने की सलाह दी जाती है। छात्रावास के छात्रों को अपने कमरों में अधिक नकदी या अन्य कीमती समान ना रखने की भी सलाह दी जाती है। दुर्भाग्यवश होने वाले किसी भी नुकसान के लिए छात्रावास के प्राधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे ।

## छात्रावास विद्यार्थी यूनियन

छात्रावास विद्यार्थी यूनियन छात्रावास के सफल और निर्बाध संचालन में सहायता करती है। यह सौहार्दपूर्ण सामाजिक जीवन बनाए रखने में अपना योगदान करती है। पदधारियों का चुनाव किया जाता है और ये पूरे शैक्षणिक सत्र के लिए कार्यालय संभालते हैं। पदधारियों के पद नाम और नामित पदों के लिए चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम योग्यता निम्नलिखित है:

| पद | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|
| अध्यक्ष | पहले चार सेमेस्टरों में कुल 75% अंक |
| मैस सचिव | पहले चार सेमेस्टरों में कुल 70% अंक |
| आयोजन सचिव | पहले चार सेमेस्टरों में कुल 70% अंक |
| अनुरक्षण सचिव | पहले चार सेमेस्टरों में कुल 70% अंक |
| खेलकूद सचिव | प्रथम वर्ष<br>(I एवं II सेमेस्टर में कुल 70% अंक) |
| सांस्कृतिक सचिव | प्रथम वर्ष<br>(I एवं II सेमेस्टर में कुल 10% अंक) |

**यदि नामांकन प्राप्त नहीं होते हैं या किसी पद के लिए उम्मीदवारी निर्विरोध जाती है तब उस पद का निर्णय वार्डन द्वारा छात्रावास में दाखिला की मेरिट के आधार पर किया जाएगा।**

## छात्रावास की पत्रिका

छात्रावास की अपनी स्वयं की पत्रिका 'पोर्ट्रेट' है जो कि किसी वर्ष में छात्रावास के प्रत्येक छात्रावास के छात्र की एक निर्देशिका है।

advised to open their accounts. Residents are also advised against keeping much cash or other valuables in their rooms. Authorities will not be responsible for any unfortunate loss that may occur.

## HOSTEL STUDENTS UNION

The Hostel Students Union assists in the efficient and smooth functioning of the hostel. It contributes to the maintenance of harmonious community life. The office-bearers are elected and hold office for the whole academic session. The designation of office bearers and the minimum eligibility for contesting the elections for designated posts are as follows:

| Post | Minimum Eligibility |
|---|---|
| President | 75% aggregate in first four semesters |
| Mess Secretary | 70% aggregate in first four semesters |
| Organizing Secretary | 70% aggregate in first four semesters |
| Maintenance Secretary | 70% aggregate in first four semesters |
| Sports Secretary | 70% aggregate in I year (I&II semesters) |
| Cultural Secretary | 70% aggregate in I year (I&II semesters) |

**In case, the nominations are not received or the candidature goes unopposed for any post, then the post will be decided on merit of admission to the hostel by the warden.**

## HOSTEL MAGAZINE

The hostel has its own magazine, Portraits, a directory of each and every residents of the Hostel in a given year.

## छात्रावास के नियम एवं कानून

आवेदक, स्थानीय अभिभावकों और माता-पिता को सलाह दी जाती है कि वे हॉस्टल के नियमों को ध्यान से पढ़ें और उनका पूरी तरह से पालन करें।

### सामान्य अनुशासन

- छात्रावास के छात्रों को छात्रावास में उचित शिष्टाचार बनाए रखना है। उन्हें कर्मचारियों और छात्रावास के साथी छात्रों के साथ उचित व्यवहार करना होगा।
- विद्यार्थियों को हमेशा अपने साथ छात्रावास का पहचान पत्र रखना होगा और कालेज छात्रावास के अधिकारियों के मांगने पर पहचान पत्र दिखाना होगा।
- चूंकि कॉलेज के क्लास रूम छात्रावास के कमरों के नजदीक में है तो यह ध्यान रखा जाए कि संगीत आदि बजाकर कालेज का वातावरण अशांत न हों ।
